प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2019
कक्षा–12
बीमा सिद्धान्त एवं व्यवहार
(वाणिज्य वर्ग तथा व्यावसायिक शिक्षा के परीक्षार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–01 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या–11 से 20 अति लघु उत्तरीय हैं, जिनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 200 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या–27 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1– अग्नि बीमा में बीमा हित विद्यमान होना चाहिए– 1

(a) बीमा के समय

(b) बीमित सामान की हानि अथवा क्षति के समय

(c) न तो बीमा के समय न ही हानि के समय

(d) बीमा के समय भी व हानि के समय भी।

2– सामुद्रिक बीमा कम्पनी अपने दायित्वों से कब मुक्त हो जायेगी– 1

(a) जहाज के समुद्र में डूब जाने पर

(b) जहाज के तूफान में भटक जाने पर

(c) जहाज में आग लगने पर

(d) उपर्युक्त तीनों अवस्थाओं पर

3— निम्नलिखित में से कौन सा समुद्री बीमा से सम्बन्धित नहीं है— 1

(a) भाड़ा बीमा (b) जहाज बीमा

(c) निष्ठा बीमा (d) माल बीमा

4— अग्नि बीमा कम्पनी द्वारा बनाया जाता है— 1

(a) आय व्यय खाता (b) राजस्व खाता

(c) व्यापारिक खाता (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

5— सामान्य बीमा का राष्ट्रीयकरण कब किया गया? 1

(a) 1971 (b) 1956

(c) 1964 (d) 1960

6— अभ्यर्पण का सिद्धान्त कहाँ लागू होता है? 1

(a) जीवन बीमा में (b) समुद्री बीमा में

(c) अग्नि एवं समुद्री बीमा (d) सभी बीमा में

7— 'क्षतिपूर्ति का सिद्धान्त' लागू नहीं होता है— 1

(a) जीवन बीमा पर (b) अग्नि बीमा पर

(c) चोरी बीमा (d) समुद्री बीमा

8— अग्नि बीमा में आग लगने का कारण होना चाहिए— 1

(a) दुर्घटनावश (b) संयोगवश

(c) लापरवाही से (d) पूर्व—नियोजित

9– सामान्य बीमा के क्षेत्र में वर्तमान में कितने प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति है– 1

(a) 49% (b) 51%

(c) 74% (d) 100%

10– 'बीमा योग्य हित का सिद्धान्त' किसके सम्बन्ध में लागू होता है? 1

(a) केवल जीवन बीमा पर (b) केवल अग्नि बीमा पर

(c) केवल सामुद्रिक बीमा पर (d) सभी प्रकार के बीमा पर

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11– अग्नि बीमा विषय के अन्तर्गत किन–किन व्यक्तियों के हित होते हैं? 2

12– अग्नि बीमा की 'विशेष पालिसी' क्या होती है? 2

13– अग्नि बीमा द्वारा कवर हानियाँ कौन–कौन सी हैं? 2

14– सामुद्रिक बीमा पालिसियों के नाम बताइये? 2

15– मियादी बीमा पालिसी क्या है? 2

16– खोल बीमा क्या है? 2

17– सामुद्रिक हानियों से क्या तात्पर्य है? 2

18– पुनर्बीमा से आप क्या समझते हैं? 2

19– पशु बीमा की शर्तें क्या होनी चाहिए? 2

20– फसल बीमा के पात्र व्यक्ति कौन–कौन से होते हैं? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

21– अग्नि बीमा संविदा के आवश्यक तत्वों का वर्णन कीजिए। 5

22– अग्नि बीमा पालिसियों के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। 5

23– सामुद्रिक बीमा में प्रीमियम का निर्धारण व वापसी कैसे होती है? 5

24– सामुद्रिक बीमा के वाक्यांश का वर्णन कीजिए। 5

25– सामुद्रिक हानियों का वर्णन कीजिए। 5

26– भारत में बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीकरण के उद्देश्य बताइये। 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

27– अग्नि बीमा को परिभाषित कीजिए तथा अग्नि बीमा के कार्यों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

अग्नि बीमा पत्रों के विभिन्न प्रकार बताते हुए, इसके शर्तों का वर्णन कीजिए। 10

28– अग्नि बीमा कराने की विधि बताइये व इसके दावे का निपटारा कैसे किया जाता है? 10

अथवा

सामुद्रिक बीमा पत्र कितने प्रकार का होता है? सामुद्रिक बीमा कराने की विधि का वर्णन कीजिए। 10

29– सामान्य बीमा संगठन एवं प्रशासन की व्यवस्था का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। 10

अथवा

सामुद्रिक बीमा की विषय–वस्तु बताइये एवं सामुद्रिक बीमा संविदा के आवश्यक नियम का वर्णन कीजिए। 10

30– निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए– 10

(a) फसल बीमा (b) चोरी बीमा

(c) पशु बीमा (d) गाड़ी बीमा

अथवा

भारतीय बीमा विधान, 1938 के प्रमुख प्रावधानों का वर्णन कीजिए। 10

———————